तापमान
अधिकतम 29 .5 डिग्री
न्यूनतम 9 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025

10 स्कॉलरशिप के लिए एनएमएमएस की परीक्षा 30 को, 2269 विद्यार्थी होंगे शामिल



10 गीतापुरम के रूप में 29 से सजेगा बाल भवन, तीन दिन गीता पर आधारित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसें के बाद फरार हुए चार वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना मॉडल पुलिस ने हादसे के बाद 15 अक्टूबर को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने शहबाजपुर खालसा निवासी सचिन को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने 19 नवंबर को हुए हादसे के आरोपी राजस्थान के रामसर निवासी सहीराम को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने आसलवास निवासी सौरव को और सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा पुलिस ने राजस्थान के हरचंदपुर निवासी पंकज को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 26 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जड़थल निवासी शशी कुमार व राजस्थान के धामावास निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप हैं। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने 3 नवंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पंजाब के अरदासपुर निवासी नवल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। कोसली पुलिस ने टूमना निवासी आर्यन को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए। आर्म्स एक्ट के तहत बावल थाना पुलिस ने राजस्थान के रायसिस निवासी अंकित को गिरफ्तार किया था। उसे भी पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए। दोनों को एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।

### ईसी एक्ट का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने ईसी एक्ट के तहत गत वर्ष दर्ज किए गए मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पेट्रोलियम पदार्थों की अवैध बिक्री के मामले में 10 जनवरी 2024 को ईसी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने चरखी दादरी के मोड़ी निवासी सतीश को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी किसी अन्य मामले में जेल में बंच चला आ रहा है। बाद में उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

### यादव सभा का फ्री हेल्थ चेकअप कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 23 नवंबर को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

*ब्लॉक समिति की अविश्वास पर बैठक में पूरी नहीं हुई संख्या*

# अविश्वास प्रस्ताव को नहीं मिला दो का समर्थन राव का आशीर्वाद बचा गया दलबीर की चेयरमैनी

## दो सदस्यों के नहीं पहुंचने से एडीसी ने रद्द की बैठक, अब एक साल तक नहीं आ सकता प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भले ही जिला परिषद से लेकर ब्लॉक समिति जैसे मामलों में खुलकर सामने नहीं आते हों, परंतु कहीं न कहीं पर्दे के पीछे उनका दखल अपना काम जरूर कर जाता है। धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के चेयरमैन दलबीर की कुर्सी सुरक्षित रखने के लिए एक बार फिर राव का आशीर्वाद ही अपना काम कर दिया। अविश्वास व्यक्त करने वाले 16 सदस्यों में दो का बैठक में नहीं पहुंचना दलबीर की कुर्सी को एक साल के लिए सुरक्षित बना गया। चूंकि ब्लॉक समिति की कार्यकाल भी ज्यादा शेष नहीं है, इसलिए अब दलबीर आसानी से अपना कार्यकाल पूरा कर सकेंगे।

शुक्रवार सुबह एडीसी राहुल मोदी और डीडीपीओ एचपी बंसल समय से पहले ही मीटिंग हॉल में पहुंच गए थे। कमरा नं. 202 में मीटिंग निर्धारित की गई थी। लगभग सवा 10 बजे ब्लॉक समिति के 14 सदस्य ही पहुंच पाए। करीब एक घंटे का इंतजार करने के बाद भी अविश्वास पर चर्चा करने के लिए मीटिंग में आवश्यक 16 सदस्य नहीं पहुंच पाए, जिस कारण अविश्वास प्रस्ताव रद्द कर दिया गया। दलबीर के खिलाफ अविश्वास जताने वाले सदस्यों को अपनी मुहिम में जोरदार झटका लग गया। अब नियमानुसार एक साल तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा जा सकता। ब्लॉक समिति का कार्यकाल पूरा होने में भी ज्यादा समय नहीं बचा है, जिस कारण दलबीर की कुर्सी अब पूरे कार्यकाल के लिए सुरक्षित मानी जा रही है। मीटिंग के दौरान जिला सचिवालय के मेन गेट को आमजन के लिए बंद कर दिया गया था। सचिवालय के गेट पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। मीटिंग हॉल के बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। दो सदस्यों के मीटिंग में नहीं पहुंचने के कारण दलबीर के खिलाफ रचा गया चक्रव्यूह तार-तार हो गया। मीटिंग रद्द करने की घोषणा के साथ ही चेयरमैन के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई।



रेवाड़ी। सचिवालय में अंदर जाते ब्लॉक समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि



सचिवालय में ब्लॉक समिति सदस्यों की बैठक लेते एडीसी राहुल मोदी

### राव बचा गए चहेते चेयरमैन की लाज

दलबीर के खिलाफ 16 सदस्यों ने 19 सितंबर को डीसी को शपथ पत्र देकर अविश्वास जाहिर किया था। इसके बाद दलबीर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के शरण में पहुंच गए थे। सूत्रों के अनुसार राव खुद इस मामले में सामने नहीं आए, लेकिन दलबीर को बचाने का इशारा उन्होंने अपने खास सिपहासालारों को कर दिया था। उनके पुराने सहयोगी रवि यादव की रणनीति को सिरे चढ़ाने के लिए अनिल रायपुर ने अंतिम समय पर मोर्चा संभाल लिया था।



अनिल रायपुर।

### पहले ही एक्टिव हो गए थे राव समर्थक

*सूत्रों के अनुसार दलबीर की कुर्सी सलामत रखने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अपने खास समर्थकों को इशारा कर दिया था। इसके बाद समर्थकों ने दो सदस्यों को मीटिंग से गैर हाजिर करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए थे। सूत्रों के अनुसार राव के खास समर्थक अनिल रायपुर ने दलबीर की कुर्सी बचाने के लिए विशेष तौर पर प्रयास शुरू किए गए थे, जो आखिरकार सिरे चढ़ गए। इस मुहिम में सहकारी बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा भी पहले से लगे हुए थे।*

#### बैठक में शामिल हुए सदस्य

| वार्ड संख्या | नाम |
|---|---|
| 1. | वेदप्रकाश |
| 4. | ललिता देवी |
| 5. | रोहित कुमार |
| 6. | राममेहर |
| 5. | रीना देवी |
| 9. | धीरज कुमार |
| 10. | कृष्ण कुमार |
| 11. | लाजवंती देवी |
| 12. | सुखीचंद |
| 13. | स्वीटी |
| 14. | विकास |
| 16. | अभिषेक |
| 17. | नर्मदा |
| 21. | अंजली गुप्ता |

#### नदारद रहे सदस्य

| वार्ड संख्या | नाम |
|---|---|
| 2. | नीलम देवी |
| 3. | दलबीर सिंह |
| 8. | मनीषा |
| 15. | रजनी |
| 18. | नवल सिंह |
| 19. | सोनू देवी |
| 20. | लाल बहादुर |
| 22. | हनुमान |

**लगभग सवा 10 बजे ब्लॉक समिति के 14 सदस्य ही पहुंच पाए**



### रीना की उपस्थिति बनी चर्चा का विषय

इससे पूर्व गत 24 अक्टूबर को अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के लिए बैठक बुलाई थी। इस मीटिंग को एडीसी राहुल मोदी केअवकाश पर चले जाने के कारण स्थगित कर दिया गया था। मीटिंग में एक महिला सदस्य रीना के नहीं पहुंचने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। इस बार रीना तो मीटिंग में पहुंच गई, परंतु दो अन्य महिला सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, जिससे दलबीर विरोधी खेमे को बड़ा झटका लग गया। उन्हें बाद में निराश होकर लौटना पड़ा।



सचिवालय में अंदर जाते हुए धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के चेयरमैन दलबीर सिंह

### सभी सदस्यों को साथ लेकर चलूंगा

बैठक कैंसिल होने के बाद दलबीर ने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के निर्देश पर पूरी पारदर्शिता से कार्य करते रहेंगे। जिन सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की थी, उन्हें मनाकर साथ लेकर चलते हुए सभी वार्डों में समान विकास कराया जाएगा। वह मतभेद भुलाकर सभी सदस्यों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सभी सदस्यों को साथ लेकर चलूंगा।

*इससे पहले 17 नंवबर को 2 डेंगू के मरीज मिले थे नवंबर माह में अब तक डेंगू के 17 मरीज मिल चुके*

# पांच दिन बाद डेंगू के दो मरीजों की पुष्टि सीजन में अब तक 294 पॉजिटिव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवंबर महीने के समापन का अंतिम चरण चल रहा है, लेकिन अभी सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरू नहीं किए है। अभी सुबह-शाम ही ठंड का असर दिख रहा है। तापमान में कमी नहीं आने के कारण मच्छरों का प्रकोप भी कम नहीं हुआ है। जिले में शुक्रवार को पांच दिन बाद डेंगू के 2 पॉजिटिव मरीज और मिलने से सीजन में आंकड़ा 294 पर पहुंच गया है। इससे पहले 17 नंवबर को 2 डेंगू के मरीज मिले थे। नवंबर माह में अब तक डेंगू के 17 मरीज मिल चुके है। अभी तक 223 डेंगू केसों की पुष्टि प्राइवेट लैबों व 71 डेंगू के मामलों की पुष्टि सरकारी लैब से की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें अब तक घरों में लार्वा मिलने पर 3879 लोगों को नोटिस भी दे चुकी है। एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 2148267 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है।

मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर हरिप्रकाश ने बताया कि सीजन में अभी तक डेंगू के 294 केस व मलेरिया के 14 केस मिल चुके है। जिले में अभी तक शहर में 127, बावल सीएचसी में 55, मीरपुर सीएचसी में 31, खोल सीएचसी में 52, गुरावड़ा सीएचसी में 15 व नाहड़ सीएचसी में 14 डेंगू पॉजिटिव मरीज चुके है। अब तक डेंगू संभावित 4443 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर ने कहा कि लोग डेंगू के प्रति लापरवाही न बरत कर अपने घरों में पानी की टंकी, फ्रिज-ट्रे, गमले, पशु खेल व कूलर व अन्य सामानों की साफ-सफाई रखें।



रेवाड़ी। पानी की होद में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, लार्वा मिलने पर पशु खेल का पानी खाली करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### युवक के साथ मारपीट करने मामले में दसवां आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने गत 2 अगस्त को गांव पाल्हावास के जिम में युवक के साथ मारपीट करने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव न्यौला निवासी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव गुरावड़ा निवासी नवीन गत 1 अगस्त को अपने दोस्त बृजेश के साथ बाइक पर पाल्हावास से गुरावड़ा की ओर आ रहा था। रास्ते में उसी के गांव के रविंद्र, जतिन, पंकज व दिनेश ने स्कॉर्पियो गाड़ी उसकी बाइक के आगे लगा दी। नवीन ने बताया कि यह लोग उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगे। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। युवकों ने उसे अगले दिन देख लेने की धमकी दी थी। नवीन ने बताया कि 2 अगस्त को जब वह पाल्हावास जिम में गया तो रविंद्र व जतिन अपने 10-12 साथियों के साथ वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। काफी देर तक मारपीट करने के बाद आरोपी वहां से भाग गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त 9 आरोपी दलीप उर्फ यमराज, रविन्द्र उर्फ रंगीला, हेम सिंह उर्फ हेमु, राहुल, अजय, रविन्द्र उर्फ गुड्डु, रणीत, जतिन व विकास उर्फ रौहित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को दसवें आरोपी दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया हैं।

# हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले में तीसरा आरोपी काबू



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी मंगल देव पांडे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

- पुलिस इस मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

बावल थाना पुलिस ने युवक की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला बलिया के गांव संनाथ पांडे का छपरा निवासी मंगल देव पांडे के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 3 अगस्त 2024 को जिला सोनीपत के गांव महसवानपुर खुर्द हाल आबाद बनीपुर चौक निवासी एक महिला ने उसके बेटे साहिल की गुमशुदगी का मामला थाना बावल में दर्ज कराया था। महिला ने बताया था कि उसका बेटा साहिल बावल में मजदूरी का काम करता था तथा बिहार के छपरा जिले की रहने वाली एक महिला कंचन देवी व उसके बेटे राजन पांडे के साथ सत्या कॉलोनी नजदीक बाल्मिकी बस्ती बावल में किराये के मकान में रह रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज करके साहिल की तलाश शुरू की थी। इसके बाद 10 अगस्त 2024 को साहिल का शव सत्या कॉलोनी नजदीक जंगल में एक कुएं में गली-सड़ी अवस्था में मिला था, जिस पर पुलिस ने हत्या की धारा ईजाद करके मामले में संलिप्त महिला आरोपी कंचन देवी व उसके बेटे राजन पांडे को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में महिला आरोपी कंचन देवी ने बताया की मृतक साहिल लिव-इन रिलेशन में उसके साथ रह रहा था। इसी दौरान अप्रैल माह में यूपी निवासी मंगल पांडे भी उनके साथ रहने लगा था। साहिल को संदेह हो गया था कि मंगल पांडे उसके साथ संबंध बनाने लगा है। इस पर उनका आपस में झगड़ा होने लगा। इसके बाद उसने मंगल पांडे को साहिल को रास्ते से हटाने के लिए तैयार किया। दोनों ने मिलकर तेजधार हथियार से साहिल की हत्या कर दी।

*जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो लड़के की आयु 20 साल एक महीना पाई गई*

# प्रशासन ने नेहरूगढ़ में रुकवाया बाल विवाह 21 वर्ष से कम पाई गई लड़के की उम्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

- विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लड़के की आयु कम से कम 21 साल होनी आवश्यक

जिला प्रशासन की टीम ने जिले में बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने के लिए अभियान चलाया हुआ है। शुक्रवार को सूचना मिलने पर गांव नेहरूगढ़ में बाल विवाह को रुकवाया गया है। गांव नेहरूगढ़ में शुक्रवार को बारात रवाना होने से पूर्व सूचना के आधार पर जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो लड़के की आयु 20 साल एक महीना पाई गई। यह पुष्टि होने के बाद इस विवाह को रुकवा दिया गया है। विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लड़के की आयु कम से कम 21 साल होनी आवश्यक है। सहायक संरक्षण अधिकारी प्रमोद बागड़ी व मंजीता, एमपीडब्ल्यू ममता की संयुक्त विभागीय टीम ने बाल विवाह रूकवाने में सफलता हासिल की।डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह कराता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।



रेवाड़ी। गांव नेहरूगढ़ में मौजूद प्रशासन की टीम। फोटो : हरिभूमि

**मौसम में बदलाव से प्रदूषण का स्तर हुआ कम, आज से तापमान गिरने की संभावना**

# लगातार दो दिन से चढ़ रहा पारा, ठंड का असर होने लगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- शनिवार से तापमान में गिरावट आना शुरू हो सकता है

दो दिन से तापमान बढ़ने के कारण मौसम का मिजाज दिन के समय गर्म होने लगा है। ठंड का असर कम होते ही प्रदूषण के स्तर में भी सुधार आ रहा है। अभी तक तापमान सामान्य से कम चल रहा था, जो अब बढ़ना शुरू हो गया है। शनिवार से तापमान में गिरावट आना शुरू हो सकता है, जिसके बाद कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के कारण दोपहर तक मौसम गर्म महसूस होने लगा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का तापमान भी इतनी ही वृद्धि के साथ 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष की तुलना में दोनों ही तापमान ज्यादा हैं। अभी तक गत वर्ष के मुकाबले तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जा रही थी, जिससे सर्दी की शुरूआत इस बार अक्टूबर माह के अंत में ही शुरू हो गई थी। बीते साल 21 नवंबर को अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम का मिजाज दिन के समय गर्म रहने के कारण एक्यूआई भी 200 से नीचे रहा है, जिससे प्रदूषण से कुछ हद तक राहत मिलने लगी है। हवाओं की गति 4 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो काफी कम है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम खुष्क बना रहेगा। 22 नवंबर से दिन और रात के तापमान में गिरावट आना शुरू हो जाएगा, लोगों को माह के अंत तक कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ेगा।



रेवाड़ी। एक खेत में तेजी से बढ़ रही सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### फसलों के लिए नुकसानदायी गर्म मौसम

*कृषि विशेषज्ञ डा. नरेश कुमार ने बताया कि अभी तक मौसम सरसों और गेहूं की फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। तापमान में वृद्धि होना दोनों फसलों के लिए नुकसानदायी साबित हो सकता है। इसके विपरीत अगर तापमान में कमी आती है, तो इससे दोनों फसलों का तेजी से विकास होगा। किसानों को इस समय अगेती फसलों की हल्की सिंचाई करनी चाहिए। फसल में रोग के लक्षण नजर आने पर नजदीकी कृषि अधिकारी से संपर्क करना चाहिए।*

### रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन का सातवां रक्तदान शिविर कल

**रेवाड़ी।** रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की ओर से 23 नवंबर को महाराजा हअस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली मुख्य अतिथि होंगी, जबकि डिप्टी सिविल सर्जन डा. दीपक वर्मा और डा. रामबाबू यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। क्लब की अध्यक्ष नेहा शर्मा ने बताया कि यह इस वर्ष क्लब का सातवां रक्तदान शिविर है और क्लब इस वर्ष 2500 यूनिट रक्त संग्रह के लक्ष्य को पूरा करेगा। परियोजना अध्यक्ष डा. मनीष तनेजा ने बताया कि क्लब की ओर से पंजीकरण शुरू कर दिया गया है और प्रत्येक रक्तदाता को मोमेंटो व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

## लाइफ Style



# रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर,



चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं। दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक

# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने कहानी वाचन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हिंदी और अंग्रेजी कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिंदी कहानी वाचन प्रतियोगिता में प्रियांशी कक्षा पांचवीं, ओजस्विनी कक्षा आठवीं और वीर कक्षा दसवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी कहानी वाचन प्रतियोगिता में प्रियांशी कक्षा पांचवीं, रिधिमा कक्षा आठवीं, अंजलि कक्षा दसवीं और लावण्या कक्षा बारहवीं विजेता रही। स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कार्य के कारण 15 दिन बाधित रहेगी बिजली

**बावल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कमालपुर 33 केवी के अन्तर्गत आने वाले 11केवी के फीडरों पर आरडीएसएस योजना के तहत कार्य किया जाएगा। कार्य के कारण आगामी 15 दिनों तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम के एसडीओ बावल ने बताया कि कार्य के कारण 11 केवी खेड़ी मोतला, बोलनी, गढ़ी, लोधाना, बसई, बगथला, पातुहेड़ा, कसोला, कसोली व बखापुर फीडरों की बिजली बाधित रहेगी।

### बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम 6 दिसंबर को

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय मानव कंष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को गांव भूड़ला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्योकरण मेहरा ने की। इस मौके पर मेहरा ने बताया कि 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन संविधान दिवस भी मनाया जाएगा व शोभा शत्रा की भी तैयारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को सुबह 11 बजे जाट धर्मशाला में सर छोटू राम का जन्म एवं संविधान दिवस मनाया जाएगा। बैठक में विनोद, रामशरण, केशव, गलीचिया, सविता, पानबाई, देवीदास, रामभगत, ब्रह्मप्रकाश, प्रेम सिंह, दयाचन्द व रघुबीर सिंह मौजूद थे।

### राव तुलाराम स्टेडियम से निकाली जाएगी पदयात्रा

**रेवाड़ी।** नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 23 नवंबर को शहर में पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें सभी वर्गो के लोग, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विशेष रूप से युवा बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।

### व्यक्तिगत ऋण योजना में 74 केसों का रखा गया लक्ष्य

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत जिले के लिए 2025-26 में 74 केस का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 1.80 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थायी निवासी महिला योजना के लिए पात्र होंगी। आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है और आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर न हो। योजना के तहत जनरल श्रेणी की महिला को 10 हजार रुपये तथा अनुसूचित श्रेणी की महिला को 25 हजार रुपये अनुदान राशि दी जाएगी।

---

### डीसी ने गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

# गीतापुरम के रूप में 29 से सजेगा बाल भवन, तीन दिन होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

- गीता महोत्सव पूर्ण रूप से गीता के 18 अध्यायों पर उनकी शिक्षाओं पर आधारित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। गीता महोत्सव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय पर गरिमामयी ढंग से गीता महोत्सव मनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। सार्थक संदेश के साथ आमजन तक गीता का सार पहुंचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। महोत्सव में धार्मिक व सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी हो रही है। शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में डीसी अभिषेक मीणा ने महोत्सव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि बाल भवन परिसर में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक तीन दिन गीता महोत्सव सामाजिक सहभागिता के साथ भव्य व भावपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। 28 नवंबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में गीता थीम पर आधारित सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। डीसी ने कहा कि गीता महोत्सव पूर्ण रूप से गीता के 18 अध्यायों पर उनकी शिक्षाओं पर आधारित रहेगा, जिसमें दर्शकों को गीता पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ सभी विभागीय अधिकारी अपने दायित्व का पालन करें। गीता महोत्सव के दौरान बाल भवन को गीतापुरम के रूप में सजाया जाएगा। तीन दिन आयोजित गीता महोत्सव में बाहर से आने वाले व स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ विद्यालय के विद्यार्थी मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। गीता महोत्सव में समूह गान, राधा कृष्ण नृत्य, कृष्ण वंदना, समूह नृत्य, एकल अभिनय, एकल नृत्य, श्लोकोचारण, भजन, गीता सार नृत्य नाटिका, लघु नाटिका व गीता संवाद के माध्यम से गीता के उपदेशों पर प्रकाश डाला जाएगा।

#### यह रहेगा गीता महोत्सव का शेड्यूल

*डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को मीरपुर स्थित आईजीयू सभागार में सुबह 10 बजे गीता थीम पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 29 नवंबर को बाल भवन परिसर में तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ सुबह 10 बजे से यज्ञ व प्रदर्शनी के साथ होगा, जिसमें सांस्कृतिक मंच सजेगा और दिन भर गीता व हरियाणवी थीम पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। 30 नवंबर को बाल भवन में सुबह 10 बजे से प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे। इसी दिन दोपहर 12 बजे से नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों की ओर से झांकियां शामिल रहेंगी। एक दिसंबर को बाल भवन प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रदर्शनी के साथ सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। महोत्सव का समापन देर शाम दीपोत्सव व गीता आरती के साथ होगा।*

#### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, जियो गीता से नवीन अरोड़ा, संजीव दुआ व आरएसएस से जय भगवान सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

---


रेवाड़ी। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

## सीजेएम ने वृद्धजनों की जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया। इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने वृद्धजनों की जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों को मिलने वाले भोजन व अन्य जरूरी सुविधाओं की जांच की तथा उनको और बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। इस दौरान डा. पवन गोयल तथा डा. दीपक शर्मा ने एक चिकित्सा कैंप लगाकर वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच की। सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि वृद्ध व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से तो कमजोर होता ही है तथा उसकी सबसे बड़ी पीड़ा उसका अकेलापन होता है। इसलिए वृद्धजनों को समाज से अलग-थलग न करें, बल्कि उनको समाज का हिस्सा माने तथा उनको अहसास दिलाए की हम सब उनके साथ है, वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने बुजुर्गों का सत्कार व उनकी संभाल करनी चाहिए, ताकि बुजुर्गों को जिंदगी के आखिरी पड़ाव में परिवार का सहारा मिल सके। यदि किसी कारणवश वृद्धाश्रम में बुजुर्ग रहने को मजबूर हैं तो उनकी वहां पर संभाल के लिए भी हम सभी को आगे आना चाहिए। अमित वर्मा ने बताया कि बहुत सारी योजनाएं है,जो वरिष्ठ नागरिकों को फायदा पहुंचाने के लिए चलाई जा रही हैं।

---

## ट्रैक पर सरपट दौड़ा ऑपरेशन ट्रैक डाउन, 45 वायलेंट क्रिमिनल्स भेजे सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ रेवाड़ी



- आर्म्स एक्ट के तहत 15 एफआईआर दर्ज कर 18 लोगों को काबू किया

डीजीपी ओपी सिंह की ओर से पूरे प्रदेश में गत 5 नवंबर से 20 नवंबर तक 'ऑपरेशन टैक डाउन' चलाने के जो आदेश दिए थे, उन पर जिला पुलिस ने खरा उतरने का प्रयास करते हुए सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने ऑपरेशन के तहत 45 ऐसे वायलेंट क्रिमिनल्स को इस अवधि के दौरान सलाखों के पीछे भेजा है, जो अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ऑपरेशन की जानकारी देते हुए एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि डीजीपी के आदेश जारी होते ही जिला पुलिस ने 5 नवंबर से अपना कार्य शुरू कर दिया था। सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अपराधियों की पहचान करते हुए उन्हें तुरंत काबू करने के निर्देश दिए गए थे। इस ऑपरेशन के तहत ऐसे 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जो संगठित अपराध से जुड़े हुए थे। किसी न किसी अपराध से जुड़े 134 आरोपियों को इस अवधि के दौरान सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया गया। 25 आदतन अपराधियों की हिस्ट्री सीट ओपन की गई है, जबकि एक कुख्यात अपराधी की जमानत अदालत से कैंसिल कराई गई है। अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा एसपी ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत अवैध हथियार रखने वाले लोगों के साथ-साथ सप्लाई करने वालों को भी सलाखों का रास्ता दिखाया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत 15 एफआईआर दर्ज करते हुए 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 7 देशी कट्टे, 1 गन, 15 कारतूस और दो मैगजीन बरामद की गई हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में हथियार उपलब्ध कराने वाले भी शामिल हैं।

#### नशा तस्करों को भी पहुंचाया जेल

एसपी ने बताया कि ऑपरेशन ट्रैक डाउन के दौरान नशीला पदार्थ बेचने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। दो सप्ताह के अंतराल में 6 लोगों को नशा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार करते हुए दो एफआईआर दर्ज की गरइं। उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को ऑपरेशन के बाद भी एक्टिव रहते हुए अपराधियों की धर पकड़ जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

---

*विभागाध्यक्ष किसी भी शिकायत को लंबित न रखें*

## लंबित शिकायतों का गंभीरता से समय पर निपटान करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित निदान कर रही है, ऐसे में सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का जल्द समाधान करते हुए अपडेट रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करें। सभी विभागाध्यक्ष किसी भी शिकायत को लंबित न रखें और रिओपन हुई शिकायतों पर भी विशेष ध्यान देते हुए निवारण कराएं। डीसी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करें। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों पर अधिकारी समय पर कार्रवाई कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करते समय सभी तथ्यों की जांच करें। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें किसी दूसरे विभाग से संबंधित हों उसके बारे में संबंधित विभाग को अवगत कराएं और आपसी तालमेल से शिकायतों का समाधान किया जाए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी और सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

---

### प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा राष्ट्र की पूंजी : एसडीएम मनोज



**रेवाड़ी।** एसडीएम बावल मनोज कुमार ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजर माजरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालयों के अध्यापकों और विद्यार्थियों से बातचीत कर फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने विद्यालय में सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए निरंतर पढ़ाई करने को लेकर जागरूक किया। वहीं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों को निर्देश दिए कि बच्चों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी की प्रतिभा राष्ट्र की पूंजी है, उनका सर्वश्रेष्ठ विकास सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

---

## रीजनल सेंटर में हेल्थ चैकअप कैंप व एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

- कैंप में स्टाफ सदस्यों और 65 छात्राओं के रक्तचाप, मधुमेह और अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

#### डा. पूजा ने छात्राओं व स्टाफ को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी


रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में स्वास्थ्य जांच कराती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में शुक्रवार को एनएसएस इकाई व वूमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ चैकअप कैंप व एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। कैंप में स्टाफ सदस्यों और 65 छात्राओं के रक्तचाप, मधुमेह और अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डा. पूजा मानसी ने छात्राओं व स्टाफ को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए मानसिक, शारीरिक और सोशल फिटनेस जरूरी होती है। इसके लिए संतुलित आहार लिया जाना चाहिए। निदेशक डा. यशपाल शर्मा व डा. अनिल कुमार ने अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. अंजलि यादव, सुनिता, डा. रीनू यादव, अजय पाल, ज्योति यादव, सनिता, निर्मला व सुशीला मौजूद रही।

---


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित धानक समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### धानक समाज बावल ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन 30 को

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को धानक समाज जिला कार्यकारिणी की मीटिंग कुतबपुर स्थित धानक धर्मशाला में प्रधान वेदप्रकाश बनवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महासचिव दयाराम मोरवाल ने बताया कि धानक समाज की ब्लॉक खोल, डहीना, नाहड व जाटूसाना ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। अब बावल ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसके लिए धानक समाज की आगामी बैठक 30 नवंबर को सुबह 10 बजे गांव बालावास जाट की धानक धर्मशाला में होगी। बैठक में समाज के उत्थान के लिए भविष्य की रणनीति तय की जाएगी। समाज के लोगों को नशे के खिलाफ तथा समाज में फैली कुरीतियों के बारे में समाज को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष सोलंकी, भूप सिंह खरेरा, विजय सिंह इंदौरा, दलीप डाबला, ओमप्रकाश डाबला,देशराज डाबला, धर्मपाल पूर्व सरपंच, रिटायर्ड प्रिंसिपल महेंद्र सिंह, रविप्रकाश इंदौरा, विजय डाबला, रामौतार पचेरवाल, प्रकाशचंद खनगवाल, हेडमास्टर सुमेर सिंह, अशोक कुमार, नरेंद्र सोलंकी, राकेश सोलंकी, टीनू प्रधान, संदीप सोलंकी व संदीप सोलंकी उपस्थित थे।

---

### कृष्णा शिक्षण संस्थान में संविधान पर चर्चा कार्यक्रम 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाटूसाना



गांव बोहतवास भौंदू स्थित कृष्णा आदर्श शिक्षण संस्थान में 24 नवंबर को संविधान पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आवाज फाउंडेशन की ओर से संविधान का ज्ञान जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। संस्थान के चेयरमैन अमित यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मण सिंह यादव विधायक होंगे, जबकि अध्यक्षता अनिल यादव विधायक कोसली करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सत्यप्रकाश जरावता पूर्व विधायक पटौदी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में बावल के विधायक डा.कृष्ण कुमार की भी उपस्थिति रहेगी। रामचंद्र रंगा लिसानिया प्रदेश अध्यक्ष आवाज फाउंडेशन, रोशनी देवी महिला प्रदेश अध्यक्ष आवाज फाउंडेशन, लालचंद पूर्व डीईओ, नसीब सिंह पूर्व डीईओ, डा. शिवताज सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष आवाज फाउंडेशन, धर्मवीर बल्ड़ोदिया पूर्व डीईओ, सूबेदार मेजर सत्यनारायण प्रदेश महासचिव आवाज फाउंडेशन, सुभाष सांभरिया पूर्व डीईओ, जसवंत सिंह पूर्व डीईओ, राजेंद्र शर्मा डिप्टी डीईओ, हीरामणि डिप्टी डीईओ, राजकुमार जलवा पूर्व बीईओ व अरविंद सिंह बीईओ जाटूसाना कई संगठनों के सदस्य मौजूद रहेंगे।

---

**परीक्षा** आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण करने पर चार वर्ष तक मिलेंगी एक हजार रुपये की राशि

*शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई*

## स्कॉलरशिप के लिए एनएमएमएस की परीक्षा 30 को, 2269 विद्यार्थी होंगे शामिल

- छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए जिले में 8 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। एनएमएमएस की परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जिले में 30 नवंबर को एनएमएमएस यानि नेशनल मीन्स मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। स्कॉलरशिप परीक्षा में जिले से 2269 विद्यार्थी शामिल होंगे। शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा की तैयारी कर ली गई है। छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए जिले में 8 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए है। परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी। विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय मिलेगा। परीक्षा में केवल आठवीं कक्षा के विद्यार्थी ही शामिल होंगे। परीक्षा का प्रारूप मानसिक योग्यता परीक्षा और शैक्षणिक योग्यता परीक्षा दो खंडों में बंटा है,जिसमें प्रत्येक भाग 90-90 अंकों का होता है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को आगामी चार वर्षों तक छात्रवृत्ति मिलेगी। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के बैंक खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की हिसाब से चार वर्षों में 48000 रुपये की राशि ट्रांसफर की जाएगी।

#### जिले के इन आठ स्कूलों में परीक्षा देंगे विद्यार्थी

शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाड़ावास गेट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोकलगढ़, हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन, जैन गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकुलर रोड में दो तथा जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए है। डीएमएस अशोक नामवाल ने बताया कि एमएमएमएस स्कीम के तहत परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है। परीक्षार्थियों के लिए शहर के स्कूलों में आठ परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे शुरू होकर 3 घंटे तक संचालित होगी।